# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 12/04/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

## Hindustan,Meerut(U.P)

# प्रशिक्षणः यूएन मिशन से पहले मेरठ में गुर सीखेंगे सेना के जवान, कांगों में होगी तैनाती

मेरठ | सचिन गुप्ता

यूएन मिशन पर कांगो जाने से पहले भारतीय सेना का दल मेरठ में परिपक्व होगा। दल को सिखाया जाएगा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिविलियन के साथ कैसे घुल-मिलकर पुलिसिंग करते हैं। यह दल कांगो में एक साल तक यूएन पुलिस के रूप में सेवाएं देगा।

मेरठ में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) स्थापित है जो राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पुलिस को विभिन्न कोर्सों की ट्रेनिंग देती है। रैपो में 19 अप्रैल से भारतीय सेना के 20 सदस्यीय दल का एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शुरू होने जा रहा है। इस दल में मेजर, लेफ्टिनेंट कर्नल जैसे उच्च पदस्थ ऑफिसर होंगे।

**चुनौतियों से निपटने की ट्रेनिंगः** रैपो के डिप्टी कमांडेंट हरीश चंद्र नेगी के अनुसार, भारतीय सेना अमूमन बॉर्डर पर तैनात रहती है। लेकिन कांगो में इन्हें यूएन पुलिस के तौर पर सिविलियन के बीच काम करना पड़ेगा। भारतीय सेना को इसका खास अनुभव नहीं है। आरएएफ पूर्व में कई दफा यूएन मिशन पर जा चुकी है। सिविलियन के बीच शांति व्यवस्था बनाना आरएएफ बेहतर ढंग से जानती है।

इसलिए भारतीय सेना के दल को क्राउड कंट्रोल, लॉ एंड ऑर्डर, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार, पब्लिक डीलिंग, मॉक साइकोलॉजी और यूएन के रूल्स रेगुलेशन से अवगत कराया जाएगा। इस दल को इस बात की ट्रेनिंग भी दी जाएगी कि वह क्षेत्र विशेष में किन चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

**19** अप्रैल से रैपो में होगी विशेष ट्रेनिंग, दुनिया को शांति का संदेश देंगे हमारे जवान

### शांति व्यवस्था बनाना है उद्देश्य

संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य टकराव को दूर कर शांति बनाना है। संकटग्रस्त इलाकों में शांति बनाने के लिए विश्व के विभिन्न इलाकों में यूएन सैनिकों को तैनात किया जाता है। यूएन में शामिल देश चुनिंदा सैनिकों को हर साल कुछ वक्त के लिए इस मिशन पर भेजते हैं।

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।